मंत्री
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन
और
श्रम एवं रोज़गार
भारत सरकार

सत्यमेव जयते

MINISTER
ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE
AND
LABOUR AND EMPLOYMENT
GOVERNMENT OF INDIA

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

भूपेन्द्र यादव
BHUPENDER YADAV

आज़ादी का अमृत महोत्सव

अ.शा. सं. 08/05/2023 - LiFE प्रकोष्ठ दिनांक : 6 मई, 2023

प्रिय श्री पीयूष गोयल जी,

माननीय प्रधानमंत्री जी ने ग्लासगो में आयोजित जलवायु परिवर्तन वार्ता (CoP 26) के दौरान जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के समाधान हेतु पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली (LiFE) अपनाने का आह्वान किया था। तत्पश्चात् भारत के द्वारा अपने राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान लक्ष्यों (Nationally Determined Contribution) में पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली को शामिल किया गया। पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली (LiFE) का मूल सिद्धांत, अर्थात् प्राकृतिक संसाधनों के विवेकशून्य उपभोग के स्थान पर विवेकपूर्ण उपयोग करना, वैश्विक रूप से गुंजायमान हुआ, जिसके परिणामस्वरूप यह COP 27 में मुख्य निर्णय, अर्थात् '***शर्म अल शेख कार्यान्वयन योजना***', का भाग बना।

माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा दिये गये पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली के मंत्र (Mission LiFE) को सिद्धांततः विश्व की पर्यावरण वार्ताओं में महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। दुनिया की विभिन्न बहुपक्षीय पर्यावरणीय बैठकों में भी विवेकपूर्ण उपयोग के सिद्धांत को स्वीकार किया गया है। विवेकपूर्ण उपयोग के महत्व को स्वीकार करते हुए इस बार हाल ही में आयोजित आईएमएफ-विश्व बैंक की वसंतकालीन वार्षिक बैठक में 'LiFE - जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए व्यवहार में बदलाव' के संबंध में एक चर्चा सत्र का भी आयोजन किया गया था ।

पूरे देश में पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली (LiFE) के तहत विशाल जन भागीदारी हेतु गतिविधियों एवं कार्यक्रमों के आयोजन हेतु परिकल्पना की गई है। इस संदर्भ में, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा कई मंत्रालयों के साथ समन्वय करते हुए दिसंबर 2022 से *मिशन LiFE* से संबंधित संदेश व्यापक रूप से प्रसारित किए गए हैं। यह निर्णय भी लिया गया है कि विश्व पर्यावरण दिवस अर्थात् दिनांक 05 जून, 2023 से पहले सभी मंत्रालय/संगठन/राज्य सरकारें और संघ राज्य क्षेत्र, *मिशन LiFE* के संबंध में व्यापक जन संघटन के लिए बड़े पैमाने पर जन संपर्क करने और इस मिशन की जानकारी देने संबंधी गतिविधियों का आयोजन करेंगे।

जारी........

पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड़, नई दिल्ली–110003, फोनः 011–20819275, 20819225, फैक्सः 011–20819299
Paryavaran Bhawan, Jor Bagh Road, New Delhi-110003 Tel.: 011-20819275, 20819225, Fax: 011-20819299
ई–मेल/E-mail: mefcc@gov.in

तदनुसार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने प्रत्येक मंत्रालय द्वारा आरंभ की जा सकने वाली विस्तृत गतिविधियों की एक सूची तैयार की है और इसे सभी मंत्रालयों के साथ साझा किया गया है। इसे दिनांक 28 अप्रैल, 2023 को मंत्रिमंडल सचिव की अध्यक्षता में सचिवों की समिति (सीओएस) में प्रस्तुत किया गया था। सीओएस की बैठक में, सभी मंत्रालयों से जन भागीदारी के माध्यम से गतिविधियां आरंभ करने और यह सुनिश्चित करने के लिए भी कहा गया कि ये सभी गतिविधियां *मिशन LiFE* के व्यापक विषय और लोगो (Logo) के अंतर्गत की जाएं। ऐसे सभी जागरूकता सृजन और LiFE संबंधी कार्यक्रमों की दैनिक रिपोर्ट ***merilife.org*** पोर्टल पर अपलोड की जाए।

इस संबंध में, मैं आपके मंत्रालय से संबंधित विस्तृत गतिविधियों की एक सूची इस अनुरोध के साथ संलग्न कर रहा हूं कि *मिशन LiFE* के अंतर्गत व्यापक जन संघटन के लिए आवश्यक कार्रवाई शुरू करें। इनमें से कुछ सार्वजनिक कार्यक्रमों में आपकी बहुमूल्य उपस्थिति भी एक सशक्त संदेश देगी। इसलिए मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि कृपया अपने मंत्रालय के तत्वाधान में आयोजित की जाने वाली जन संपर्क गतिविधियों का नेतृत्व करने के लिए अपना बहूमूल्य समय प्रदान करें।

सादर,

भवदीय,

भूपेन्द्र यादव

(भूपेन्द्र यादव)

श्री पीयूष गोयल,
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री,
भारत सरकार,
उद्योग भवन,
नई दिल्ली-110011

संलग्रक : यथोपरि

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के लिए विस्तृत गतिविधियों की सूची

1. मई के महीने में ई-अपशिष्ट के निवारण के लिए प्रचार अभियान चलाना।
2. अधिक से अधिक ई-अपशिष्ट पुनर्चक्रणकर्ताओं और रिफर्बिशरों को पंजीकृत करने के लिए अभियान शुरू करना।
3. उद्योगों के नेटवर्कों तथा सोशल मीडिया हैंडलों के माध्यम से LiFE के संदेश को प्रचारित करने के लिए उद्योगों के साथ समन्वय करना।
4. देश भर में राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के माध्यम से घरों से ई-अपशिष्ट एकत्र करने के लिए विनिर्माण संघों, स्टार्टअपों के सहयोग से एक अभियान शुरू करना।